आपातकालीन पशुचिकित्सा सेवाओं के लिए डॉ. रनवीर सिंह जाटव को किया गया सम्मानित

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशानुसार व अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन में पशुचिकित्सा परिसर, जबलपुर में अति गंभीर पशुओं हेतु 24ग7 उपचार प्रदान किया जा रहा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय सभागार में सी.एस.एस. आर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 56वे अंर्तराष्ट्रीय ऐकडेमिक एचीवर्स अवार्ड–2022 के दौरान अस्पताल अधीक्षक के पद पर सेवारत डॉ. रनवीर सिंह जाटव को गत सप्ताह उनकी आपातकालीन पशुचिकित्सा सेवाओं के लिऐ **मोस्ट डेडिकेटेड सर्विस अचीवमेंट अवार्ड** से सम्मानित किया गया।

डॉ. जाटव विगत छः वर्षो से पशुचिकित्सा परिसर में अस्पताल अधीक्षक के रूप में सेवा प्रदान कर रहे है। इन्हे पशुचिकित्सा के क्षेत्र में 24ग7 आपातकालीन सेवाओं के लिये जाना जाता है। पशुचिकित्सा परिसर में पशुकल्याण के लिये लगातार काम किया जा रहा है। विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष अप्रेल माह के अन्तिम शनिवार को चिकित्सा परिसर में सभी श्वानो का निःषुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण किया जाता है, साथ ही साथ श्वान मालिको को रेबीज से बचाव के बारे में जागरूक भी किया जाता है व उनकी आषंकाओं एवं प्रश्नों का सरलता एवं सहजता से समाधान किया जाता है। विश्व पशु दिवस एवं विश्व रेबीज दिवस पर भी पशुचिकित्सा परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जैसे प्रश्नोत्तरी, चित्रकला एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं की सहभागिता बढ़–चढ़कर होती हैं एवं लोगो को पशु कल्याण का महत्व बताया जाता है। वैश्विक कोरोना संक्रमण में लॉकडाउन दौरान में भी पशुचिकित्सा परिसर में अस्पताल अधीक्षक डॉ. जाटव द्वारा समस्त प्रकार के पशुओं का उपचार पशु औषधि, शल्य चिकित्सा एवं पशु मादा रोग एवं प्रसूति विभाग विशेषज्ञों के सहयोग से किया गया एवं इस दौरान आवश्यक कुछ पशुओं में शल्य चिकित्सा द्वारा भी उपचार किया गया जो कि काफी प्रशंसनीय रहा। पशुचिकित्सा परिसर में विश्व जूनोसिस दिवस पर भी लोगो को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी जाती है कि कैसे पशुओं से इंसानो में एवं इंसानो से पशुओं में विभिन्न बीमारियॅा फैलती है एवं उसकी रोकथाम के उपायों के बारे में भी पशुपालकों को बताया जाता है। इसके अलावा भी समय–समय पर पशुचिकित्सा परिसर में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन होता रहता है। डॉ. रनवीर सिंह जाटव के पशुचिकित्सा के प्रति इस समर्पण को देखते हुऐ उन्हे इस पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इस सन्दर्भ में माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, डॉ. एस.पी.तिवारी द्वारा खुशी एवं हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं भी दी गई एवं आगे भी निरन्तर अ़च्छा काम करने के लिये प्रोत्साहित किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर